# हरियाणा विधान सभा

**(29 अगस्त, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 29th अगस्त, 2023

----

**कुल प्रश्न - 40**

----

### स्टेडियम का कार्य पूरा करना

81 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा घुघेरा स्टेडियम का कार्य अभी तक पूरा नहीं किया गया है; यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

### 66 के.वी. लाइन को हटाना

82 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल में नई एक्सटेंशन कॉलोनी क्षेत्र के ऊपर से 66 के.वी. हाईटेंशन लाइन गुजर रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या कोई सर्वे किया गया है तथा उपरोक्त लाइन को हटाने के लिए 3.65 करोड़ रुपए का अनुमान तैयार किया गया है तथा उक्त कार्य को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्लाटों के आवंटन का ब्यौरा

83 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) रोहतक में सेक्टर 18, 18-ए, 21 तथा 21-ए में प्लॉटों के आवंटन का कार्य शुरू किया गया था तथा उन व्यक्तियों की संख्या क्या है जिन्हें जुलाई, 2023 तक प्लॉट आवंटित किए गए तथा उनके रेट तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) रोहतक में पुराने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्राउंड पर जुलाई, 2023 तक कितने वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स आवंटित किये गए तथा उनका रेट क्या है तथा श्रेणीवार ब्यौरा क्या है?

----

## सामुदायिक केन्द्रों का ब्यौरा

84 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) नगर निगम, रोहतक के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक केंद्रों की संख्या कितनी है तथा इनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त सामुदायिक केंद्रों का निर्माण जनता की सुविधा के लिए किया गया था तथा संचालन के लिए सोसायटी/एन.जी.ओ. को सौंप दिया गया तथा सभी कार्यों के लिए दरें तय की गई थी; यदि हां तो, उक्त केंद्रों के लिए निर्धारित दरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त सामुदायिक केंद्रों को पट्टे पर दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो उक्त सामुदायिक केंद्रों को किस योजना के अंतर्गत पट्टे पर दिया गया है तथा इसकी शर्तें क्या है तथा इसका ब्यौरा क्या है;

(ङ) सामुदायिक केन्द्रों को पट्टे पर देने का निर्णय सरकार द्वारा कब लिया गया तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(च) क्या उक्त केंद्रों को नाम-मात्र किराये पर आमजन को देने का सरकार का कोई प्रावधान है; यदि नहीं, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## जनता दरबार लगाना

85 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या विपक्ष के सदस्य अपने-अपने निर्वाचनक्षेत्रों में जनता की शिकायतों के समाधान के लिए जनता दरबार आयोजित कर सकते हैं; यदि हां, तो क्या ऐसे दरबारों में उपस्थित न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का कोई प्रावधान है?

----

## धूल भरी आंधी की समस्या को हल करना

86 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में टांगरी पुल से लेकर त्रिलोकपुर चौक तक के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को निरंतर धूल भरी आंधियों के अपदूषण में रहना पड़ता है; यदि हां, तो धूल भरी आंधी का कारण क्या है तथा इस समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है जो कि इस क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है?

----

## टोल के पास नगर निगम, गुरुग्राम की भूमि का ब्यौरा

87 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गुरुग्राम-फरीदाबाद टोल रोड पर टोल एकत्रित करने के स्थल के पास नगर निगम, गुरुग्राम की भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है;

(ख) क्या नगर निगम की जमीन नगर निगम गुरुग्राम द्वारा टोल कंपनी को उपयोग के लिए दी गई है; यदि हां, तो किन शर्तों पर भूमि दी गई तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या टोल कंपनी ने नगर निगम गुरुग्राम द्वारा दी गई भूमि के उतने ही क्षेत्रफल पर कब्जा किया है या वर्तमान में उससे अधिक भूमि पर कब्जा किया है; यदि हां, तो नगर निगम का कुल कितना अतिरिक्त क्षेत्र टोल कंपनी के कब्जे में है?

----

## प्रतिपूरक वनीकरण का ब्यौरा

88 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण के उद्देश्यों को प्राप्त किया गया है तथा शिवालिक और अरावली में आज तक परिवर्तित हुई वन भूमि का शुद्ध रिकॉर्ड क्या है तथा कितनी

भूमि प्रतिपूरक की गई है;

(ख) क्या पूर्व में स्वीकृत प्रतिपूरक वनीकरण की मुख्य स्थलों को परिवर्तित किया गया है तथा यदि हां, तो क्या भारत सरकार से वन विभाग द्वारा नए स्थलों के पुनः निरीक्षण कराए गए;

(ग) राज्य में प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सी.ए.एम.पी.ए.) के तहत कुल कितनी राशि शेष है तथा 1980 से वर्ष-वार खर्चा क्या है तथा प्रतिपूरक वनीकरण के तहत पौधों की संख्या कितनी है जो वृक्ष बन गए हैं;

(घ) क्या अरावली में प्रतिपूरक वनीकरण के लिए कोई खाली क्षेत्र है;

(ड) अरावली सफारी क्षेत्र में पड़ने वाले निजी क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(च) सफारी परियोजना की अनुमानित लागत क्या है तथा वृक्षारोपण गतिविधियों तथा गैर-वृक्षारोपण गतिविधियों में इसका क्या योगदान है; तथा

(छ) क्या सफाई परियोजना से किसी लागत लाभ का विश्लेषण किया गया है?

----

## गंदे पानी की निकासी के लिए स्थाई प्रबंध/व्यवस्था करना

89 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव महराणा, नांधा, कुब्जानगर, बधवाना, झोझू खुर्द कारी मोद, नौसवा, पिचौपा कलां, खेड़ी सनवाल, पालड़ी, ढाणी फोगाट, असवारी, निहालगढ़, गोकल, धनासरी, रुदडौल, चांदवास, बालरोड, शीशवाला, बादल, काकडोली हुक्मी, संतोखपुरा, चांगरोड, कारी रूपा-दास मकडाना, झोझू कलां, चिड़िया, कादमा, बाढड़ा तथा दुधवा से गंदे पानी की निकासी के लिए कोई स्थाई व्यवस्था की गई है; यदि हां, तो उसका ग्राम-वार ब्यौरा क्या है?

----

## मंडलीय कार्यालय स्थापित करना

90 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढ़डा में बिजली विभाग का मंडलीय कार्यालय कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से विकास कार्यों का ब्यौरा

91 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बाढड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा अब तक ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से मांग किए गए विकास कार्यों की संख्या कितनी है;

(ख) इन विकास कार्यों में संबंधित विभाग द्वारा अब तक क्या प्रगति की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) बाढड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित स्वीकृत विकास कार्यों की संख्या क्या है जो कि ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## फसल बीमा का ब्यौरा

92 **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा किया गया है; यदि हां, तो प्रत्येक जिले में उक्त योजना शुरू होने के बाद कौन-कौन सी कंपनियां यह कार्य कर रही हैं तथा उनसे कितना प्रीमियम प्राप्त हुआ तथा प्रत्येक मौसम में किसानों को कितनी राशि वितरित की गई;

(ख) इन कंपनियों के पास लंबित तथा उनके द्वारा हल किए गए दावों का ब्यौरा क्या है तथा योजना की शुरुआत से दावों की अस्वीकृति के कारण क्या हैं; तथा इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है?

----

## खाली भूमि पर परियोजना का विकास

93 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे की क्या भिवानी-दादरी सड़क पर रेलवे उपरि पुल से मल संशोधन संयंत्र तक खाली भूमि पर परियोजना विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त रिक्त भूमि को किसी योजना में कब तक शामिल किए जाने की संभावना है?

----

## रखरखाव पर खर्च की गई राशि

94 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जींद सर्कल में बिजली विभाग द्वारा कितनी राशि खर्च की गई है तथा उसका मद-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जींद सर्कल में रख-रखाव पर खर्च की गई राशि कितनी है तथा उसका मण्डल-वार ब्यौरा क्या है?

----

## माइनर को पुनःपक्का/ पुनः निर्मित करना

95 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाली संगतपुरा माइनर को पुनः पक्का/पुनः निर्मित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक पुनः पक्का/पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज के नए निस्तारण का निर्माण

96 **श्री लक्ष्मण नापा ( रतिया):**

क्या जन स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि रतिया शहर में सीवरेज के नए निस्तारण का निर्माण करने के लिए ई- भूमि पोर्टल द्वारा भूमि खरीदी गई थी तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## खंभे लगाने के बाद बिजली आपूर्ति करना

97 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव सिंहपुरा, गांगोली तथा बागरू खुर्द में बीपीएल कॉलोनियों के लोग अपने खर्चे पर केबल/तारें लगवाकर बहुत दूर से बिजली ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त कॉलोनियों में खंभे लगाकर बिजली आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त कार्य कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## स्वीकृत कार्यों को पूरा करना

98 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गत वर्ष के विधायक आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, मुख्यमंत्री कोड 25284 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों तथा डी-प्लान के अंतर्गत गांव मवाना की त्यागी/चमार चौपाल के स्वीकृत कार्य जिसके लिए आठ माह पहले निविदा आमंत्रित की जा चुकी है, को पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निविदा आमंत्रित करने के बाद खेत खलिहान योजना के अंतर्गत स्वीकृत रास्तों का कार्य पूरा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल की अनुमानित लागत

99 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) नूंह जिले के गांव छापेरा में एक प्रस्तावित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने की परियोजना की कुल अनुमानित लागत क्या है;

(ख) अब तक जो कार्य हो चुके हैं उनका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उक्त परियोजना को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## कक्षाएं आरंभ न करने के कारण

100 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2020 में नूंह जिले के चिलावली तथा जयसिंहपुर पंचायत में मेवात मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा इनमें अब तक कक्षाएं शुरू नहीं की गई हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## निर्माण कार्य में देरी के लिए कारण

101 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नूंह शहर के गौशाला रोड पर प्रस्तावित गवर्नमेंट मिडल स्कूल की भूमि स्थानांतरित कर दी गई है; तथा

(ख) उपरोक्त विद्यालय के निर्माण कार्य में देरी के क्या कारण हैं;

----

## राज्य में बेरोजगारी की दर

102 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में पिछले 8 वर्षों के दौरान जिला रोजगार कार्यालयों में अपने नाम दर्ज कराने वाले युवाओं की कुल संख्या कितनी है तथा उनमें से कितने युवाओं को स्थाई रोजगार प्रदान किया गया;

(ख) राज्य में बेरोजगारी की दर क्या है तथा स्नातक, स्नातकोत्तर तथा प्रोफेशनल डिग्री धारक बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2014 से आज तक बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने वाले युवाओं की संख्या का जिलेवार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) राज्य में बेरोजगार युवाओं की संख्या का जिलेवार ब्यौरा क्या है तथा राज्य में बेरोजगारी कम करने के लिए सरकार की नीति क्या है?

----

## बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित करना

103 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या वर्ष 2006 से कार्यरत 1540 बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को उनके अनुभवों के आधार पर नियमित करने की कोई नीति सरकार के विचाराधीन है?

----

## बेरोजगारी दर कम करना

104 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के सभी विभागों में लगभग 2 लाख नियमित पद रिक्त पड़े हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त पदों पर स्थाई भर्ती करके बेरोजगारी दर को कम करने के लिए सरकार की क्या योजना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुनः स्थापित ग्राम शामलात भूमि का ब्यौरा

105 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में पिछले दो वर्षों के दौरान भूमि राजस्व रिकॉर्ड में ग्राम पंचायतों की पुनः स्थापित हुई ग्राम शामलात भूमि का (एकड़ में ) जिलेवार ब्यौरा क्या है?

----

## राष्ट्रीय पेंशन योजना की समीक्षा करना

106 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया है; यदि हां, तो इस विचारार्थ विषय का ब्यौरा क्या है;

(ख)  समिति द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या तथा कर्मचारी संगठन के साथ आयोजित बैठकों की संख्या कितनी है तथा उनके नाम तथा दिनांक क्या है;

(ग) प्रस्तुत की गई रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; यदि नहीं, तो कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) क्या राज्य में कर्मचारियों की मांग पर विचार करते हुए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## स्नातकोत्तर चिकित्सकों को लाभ देना

107 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों की तुलना में विशेषज्ञ स्नातकोत्तर चिकित्सकों को वेतन में अधिक लाभ नहीं दिया जा रहा तथा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी अब तक सरकार द्वारा विशेषज्ञ कैडर नहीं बनाया गया;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सरकार द्वारा हाल ही में विशेष कैडर के लिए बनाए गए प्रारूप में बहुत सी खामियां हैं जिसके परिणामस्वरुप यह कार्यान्वयन के लिए अभी भी लंबित पड़ा हुआ है; तथा

(ग) यदि हां, तो खामियों को दूर करने के बाद उक्त प्रारूप/प्रस्ताव को कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

----

## देसी गायों के पालन को बढ़ावा देना

108 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में देसी गाय पालन के लिए सरकार द्वारा ₹25000 का अनुदान दिया जा रहा है; यदि हां, तो इसका उद्देश्य क्या है तथा इसका लक्ष्य क्या है; तथा

(ख) उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें ऐसा अनुदान दिया गया है तथा क्या देसी गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कोई योजना है ताकि अधिक से अधिक लोगों को देसी गाय पालन के लिए आकर्षित किया जा सके तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विद्यालय के नए भवन का निर्माण करना

109 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि मॉडल संस्कृति विद्यालय, कैंप, यमुनानगर की संबधता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को स्थानांतरित कर दी गई है जिसके परिणामस्वरुप छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त विद्यालय का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण गिराया गया है तथा कक्षाएं विद्यालय के पास किराए पर एक निजी भवन के छह कमरों में लग रही हैं जोकि विद्यालय के छात्रों की संख्या के लिए अपर्याप्त है तथा विद्यालय भवन की कमी के कारण छात्रों व शिक्षकों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि नए भवन का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है; तथा

(ग) यदि हां, तो निविदाएं कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है तथा गिराए जाने तथा निर्माण के लिए क्रमशः स्वीकृत अनुदान क्या है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्टेडियम का नवीनीकरण/उन्नयन करना

110 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मंडी डबवाली में गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम का नवीनीकरण/उन्नयन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसकी विस्तृत योजना क्या है तथा उपरोक्त कार्य कब तक शुरू/पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## खेत खलिहान योजना शुरू करना

111 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में ढाणियों के रास्ते को पक्का करने के लिए खेत खलिहान योजना शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो योजना का विस्तृत ब्यौरा क्या है तथा इसे पुनः कब शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## ई-पुस्तकालयों, जिमों तथा महिला प्रशिक्षण केन्द्रों का निर्माण करना

112 **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि खंड डबवाली तथा खण्ड ओढां के लिए हरियाणा सरकार की योजना के अंतर्गत मेरे द्वारा प्रस्तावित ई-पुस्तकालयों, जिमों तथा महिला प्रशिक्षण केन्द्रों को कब तक निर्मित तथा संचालित किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त प्रत्येक के लिए संबंधित विभाग द्वारा बनाए गए डिजाइन/रूपरेखा का ब्यौरा क्या है?

----

## आवासीय कॉलोनियां विकसित करना

113 **श्री सीता राम यादव ( अटेली)ः**

क्या सर्वस्व आवास मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली तथा कनीना शहर में हाउसिंग बोर्ड की आवासीय कॉलोनियां विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कॉलोनियों के कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

## नए पावर सब-स्टेशन स्थापित करना

114 **श्री सीता राम यादव ( अटेली)ः**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि कनीना खंड के गांव बाघोत तथा अटेली नांगल खंड के गांव कटकई तथा नीरपुर राजपूत में प्रस्तावित नए पावर सब स्टेशनों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

## पावर हाउस स्थानांतरित करना

115 **श्री सीता राम यादव ( अटेली)ः**

क्या ऊर्जामंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि कनीना में स्थापित 132 के.वी. पावर हाउस शहर के बीच में आ गया है तथा इसकी लाइनों को शहर से बाहर ले जाने का कोई रास्ता नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त 132 के.वी.के पावर हाउस को मनका वाली बनी की खाली भूमि पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसे कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण करना

116 **श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर)ः**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गन्नौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सांसद ग्राम योजना के अंतर्गत गांव दतौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त भवन का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## 'हर घर नल हर घर जल' योजना के अंतर्गत कार्य

117 **श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि गन्नौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गन्नौर शहर 'हर घर नल हर घर जल' योजना के अंतर्गत अब तक कितने प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## गुरुग्राम में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण

118 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) विनियमन क्या है जिसके तहत जिला गुरुग्राम में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को भूमि अधिगृहित करने के अधिकार दिए गए हैं;

(ख) वर्ष 2000 से भूमि के स्वामियों/धारकों को दिए गए मुआवजे की गणना का सूत्र क्या है;

(ग) वर्ष 2000 से उन दृष्टांतों का ब्यौरा क्या है जहां भूमि अधिग्रहण करने के लिए मालिकों ने मुआवजा लेने से इन्कार कर दिया;

(घ) उन दृष्टांतों का ब्यौरा क्या है जहां वर्ष 2000 से अधिगृहित भूमि के लिए लाभार्थियों द्वारा मुआवजा एकत्रित नहीं किया गया है;

(ड) उन दृष्टांतों का ब्यौरा क्या है जहां वर्ष 2000 से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अधिगृहित भूमि को विकास के लिए निजी बिल्डरों को स्थानांतरित कर दिया गया है;

(च) उस भूमि का ब्यौरा क्या है जो खाली पड़ी है या उपयोग में नहीं है; तथा

(छ) उन दृष्टांतों का ब्यौरा क्या है जहां वर्ष 2000 से गुरुग्राम में अधिगृहित भूमि उनके मूल धारक/ मालिक को वापस दे दी गई है?

----

## ग्लोबल सिटी गुरुग्राम का ब्यौरा

119 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) समय सीमा के अनुसार ग्लोबल सिटी परियोजना से राजस्व तथा रोजगार कब तक सृजित किए जाने की संभावना है;

(ख) क्या व्यवसायों तथा निवेशकों को आकर्षित करने में विफल हुई जी.आई.एफ.टी. सिटी के कारणों को जानने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है;

(ग) इस पर खर्च राशि कितनी है तथा अब तक ग्लोबल सिटी प्रयोजना से कितना राजस्व सृजित हुआ है; तथा

(घ) उक्त परियोजना को पूरा करने की अंतिम सीमा का ब्यौरा क्या है?

----

## जंगल सफारी का ब्यौरा

120 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) गुरुग्राम के अरावली में जंगल सफारी के लिए सरकार द्वारा चिन्हित क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) जंगल सफारी के लिए चिन्हित क्षेत्र का ब्यौरा क्या है जोकि वर्तमान में अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग की जा रही है;

(ग) अरावली जंगल सफारी का संचालन कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) उक्त परियोजना को पूरा करने की अंतिम तिथि का ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.** — **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**29 अगस्त, 2023.** — **सचिव**